

## एक नजर में

### तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा मंडल की हुई बैठक

**पारा।** तिरंगा यात्रा को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल पारा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में हर घर तिरंगा तिरंगा यात्रा एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने के लिए विस्तृत चर्चा कर कार्यक्रम को संपन्न कराने हेतु योजना बनाई गई। बैठक में जिला महामंत्री सोमसिंह सोलंकी ने तिरंगा यात्रा के मंडल प्रभारी दीपेश सकलेचा, मंडल अध्यक्ष राजेश पारगी सहित ओंकारसिंह डामोर, कलमसिंह डामोर, दिलीप किराड़े, राकेश कटारा आदि कार्यकर्ता एवं सरपंच मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### समाज प्रमुखों की बैठक आयोजित की



**आलीराजपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अनीष कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में ए.डी.आर. भवन, जिला न्यायालय परिसर में समाज प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जय पाटीदार द्वारा सभी समाज प्रमुखों को सामुदायिक मध्यस्थता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सामुदायिक मध्यस्थता एक प्रक्रिया है, जिसमें समुदाय के सदस्यों के बीच होने वाले विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में मदद की जाती है। यह एक स्वैच्छिक प्रक्रिया है, जहां एक तटस्थ मध्यस्थता, विवाद में शामिल पक्षों को एक-दूसरे की बात सुनने और आपसी सहमति से समाधान तक पहुंचने में मदद करता है। इसके साथ ही लोकोपयोगी सेवाओं की स्थायी लोक अदालत तथा नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना के बारे में भी बताया गया। साथ ही उपस्थित समाज प्रमुखों से मध्यस्थ के रूप में कार्य करने के लिए नाम भी आमंत्रित किए गए तथा अपने-अपने समुदायों में सामुदायिक मध्यस्थता का प्रचार-प्रसार किए जाने हेतु अपील की गई।बैठक के दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दिलीप सिंह मुजाल्दा , लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री राजेश राठौर, श्री चितवन गेहलोत, श्री अभिषेक वाणी द्वारा सहभागिता की गई।

### श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर में आकर्षण श्रृंगार



**आलीराजपुर.** श्रावण माह के अंतिम सोमवार को सोरवा रोड स्थित असाड़ा राजपूत समाज द्वारा संचालित श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग का बारह ज्योतिर्लिंगों के स्वरूप में भव्य आकर्षक श्रृंगार किया गया। समाज के मीडिया संयोजक उमेश वर्मा कछवाहा ने बताया कि सावन का अंतिम सोमवार होने से प्रात: काल से मंदिर में शिवलिंग की पूजा अर्चना एवं अभिषेक हेतु मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। विभिन्न प्रकार के सुगन्धित फूलों,माला से, परिधान से कैलाश पर्वत के स्वरूप में 12 ज्योतिर्लिंग में शिवलिंग का काफी ऊँचा एवं आकर्षक भव्य श्रृंगार किया गया। शिवलिंग का श्रृंगार पूजा देखने सैकड़ों श्रद्धालु देर शाम तक मन्दिर परिसर में जमे रहे। शिव भजन मंडल एवं महिला भजन मंडल ने भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी।श्रृंगार पूजा में समाज के सक्रिय समाजसेवी हेमन्तसिंह सिसोदिया, सतीशसिंह भाटी, भैरूसिंह एम चौहान, हिरेंद्र सिंह चावड़ा, मंदिर समिति अध्यक्ष अश्विन आर पंवार, दीपक सिंह सिसोदिया, जितेंद्रसिंह वाघेला, वीरेंद्रसिंह वाघेला, पुजारी विजयशंकर शुक्ला एवं राजू शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

### तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा मंडल मेघनगर की बैठक संपन्न




**मेघनगर .** बुधवार को दोपहर 12 बजे स्थानीय विश्वकर्मा मंदिर पर भारतीय जनता पार्टी मण्डल मेघनगर की बैठक आहूत की गई बैठक को भाजपा नेता मुकेश मेहता संजय भाबर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन द्वारा 2 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराया कर तिरंगा यात्रा निकलना है यात्रा के पिछे हमारे स्वतंत्रता सेनानीयों का बलीदान याद रख भारत का स्वाभिमान बढ़ाना है यात्रा के माध्यम से हम को हर घर पहुंचकर यात्रा को सफल बनाया है बैठक को राजेश अहिर सागरमल जैन संजय श्रीवास शान्ति सोलंकी ने भी संबोधित किया बैठक मे भाजपा के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि बुथ अध्यक्षगण उपस्थित थे अतिथियों ने भारत माता पण्डित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया बैठक का संचालन अशोक बसेर ने किया आभार राजेश वागरेचा ने माना मण्डल अध्यक्ष का हुआ स्वागत : आयोजित बैठक मे नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष रुपसिंह भुरीया का उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारीओ द्वारा पुष्प माला से स्वागत कर मण्डल अध्यक्ष बनने पर बधाई दी ..दिपमाला बामनिया भाविक बारोट शंकर मेड़ा कोशल सोनी राजेश पारगी नरवरहाडा बलवन्त हाडा मोहन प्रजापति बलु भुरीया बसु डामोर कमजी डामोर काली या डामोर बदिया भगत थावरीया भगत फारुक शैरानी नटवर बामनिया नेहा परमार मुकेश बामनिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे .

### नगरीय प्रशासन विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक ली

**झाबुआ।** कलेक्टर नेहा मीना ने जिले की नगरीय निकायों में योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना 2.0 के तहत की गयी कार्यवाही के निकायवार समीक्षा की गयी। कलेक्टर ने सभी निकायों को विभागीय निर्देशों का अक्षरश: पालन करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आर आर सी वसूली एवं प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना 1.0 की पूर्णता प्रतिशत के संबंध समीक्षा की गई। सीएमओ झाबुआ और थांदला को क्रमश: 147 और 66 आवासों की वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी ना देने पर नोटिस दिये जाने के निर्देश दिये। साथ ही कलेक्टर ने पीओ डुडा को नगरीय निकायों की पाक्षिक समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अक्षय सिंह मरकाम एवं अन्य उपस्थित थे।

# अपंजीकृत एवं बिना डिग्री के क्लिनिक एवं अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग ने कसा शिकंजा

- 2 क्लिनिक सील कर संचालकों को पुलिस हिरासत में लेकर एफआईआर दर्ज करने के दिए निर्देश

**झाबुआ।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मप्र के आयुक्त के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएस बघेल के आदेश पर जिले में गठित स्वास्थ्य विभाग के दल द्वारा जिलेभर में जांच कर अपंजीकृत एवं बिना डिग्री के फर्जी तरीके से क्लिनिक एवं अस्पतालों का संचालन करने वाले संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रहीं है। इसी क्रम में 6 अगस्त को दोपहर एसडीएम



झाबुआ भास्कर गामले के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य विभाग के गठित दल में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र भायल, चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिथनपुर डॉ. हेमन्त देवड़ा, प्रभारी डिप्टी एमईआईओ झाबुआ प्रेम डेनियल एवं संगणक झाबुआ अभिषेक तोमर ने जिला मुख्यालय पर जांच अभियान संचालित किया। करीब 2-3 घंटे तक चले इस जांच अभियान में शहर में कुल 6 क्लिनिक एवं अस्पतालों की जांच की गई। जिसमें 2 क्लिनिक टीचर्स कॉलोनी में शुभमंगल अधिकारी के यहां जांच में अपंजीकृत एवं बिना डिग्री फर्जी तरीके से रोगियों का उपचार करने एवं सिद्धेश्वर कॉलोनी में प्रोबिरकुमार अधिकारी के यहां भी चेकिंग में अपंजीकृत फर्जी रूप से मरीजों का उपचार करते हुए पाए जाने पर इन क्लिनिकों को सील कर क्लिनिक संचालकों को पुलिस कर्मचारियों की मद्द से हिरासत में लेकर इन पर एफआईआर हेतु पुलिस थाना भिजवाया गया। जहां इन पर प्रकरण दर्ज किया गया।

### कई क्लिनिक संचालक हुए फरार

इसके अलावा टीम ने शहर के आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी चेकिंग अभियान चलाकर क्लिनिक एवं अस्पतालों की जांच की। उधर इस कार्रवाई अभियान के भय से शहर में कई अवैध एवं फर्जी क्लिनिक के संचालक अपना क्लिनिक बंद करके फरार हो गए। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र भायल ने बताया कि यह चेकिंग अभियान आगामी दिनों में भी सत्त जारी रखा जाएगा।

# महिलाएं विभिन्न विद्याओं का प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर और सशक्त बन रहीं है : भारती सोनी



**झाबुआ।** सेवा भारती केंद्र, गोपाल कॉलोनी झाबुआ में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम भास्कर गाचले के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर सेवा भारती एवं संकल्प ग्रुप की बहनों तथा विभिन्न प्रशिक्षणों में भाग लेने वाली प्रशिक्षार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का आरंभ मां भारती की वंदना एवं माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का तिलक कर पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। स्वागत भाषण संस्था के जिलाध्यक्ष हरिओम पाटीदार ने दिया, जिसमें उन्होंने संस्था के सेवा कार्यों की संक्षिप्त झलक प्रस्तुत की। जिला समिति सचिव जितेंद्रसिंह राठौर ने संस्था द्वारा संचालित विविध प्रकल्पों की जानकारी दी। वहीं समिति सदस्य प्रदीप रुनवाल ने प्रशिक्षणार्थी बहनों के कार्यों का मूल्यांकन प्रस्तुत किया। राजेश मेहता ने संस्था की कार्य प्रणाली और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एसडीएम गाचले ने संस्था द्वारा किये जा रहे सामाजिक एवं स्वावलंबन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सेवा भारती जैसी संस्थाएं नारी सशक्तिकरण की सशक्त वाहक हैं। स्वावलंबन की दिशा में बहनों का यह प्रयास प्रेरणादायक है। उन्होंने बहनों को आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने हेतु शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर त्रैमासिक ब्यूटिशियन, मेहंदी और कंप्यूटर प्रशिक्षण वर्गों के समापन समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

सैनिकों के लिए राखी बनाकर सौंपी- संकल्प ग्रुप की बहनों ने अपने हाथों से बनाई गई राखियां सीमा पर तैनात वीर सैनिकों के लिए बनाकर मुख्य अतिथि को सौपी, जो देशभक्ति व मातृभूमि के प्रति प्रेम की प्रेरक मिसाल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी पदाधिकारीगण, समिति सदस्यगण एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से विनोद भट्ट, दीपेश सकलेचा, महेश शाह, राजेश सिद्धराज, लीला त्रिवेदी, सुनीता आचार्य, श्यामल अरोड़ा, प्राची सावलानी, माही, सुनीता अलावा, निर्मला गोयल, पूनम चौरसिया, आशा

### महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर मजबूत हो रहीं

संस्था की महिला प्रमुख भारती सोनी ने न्यूनतम शुल्क पर संचालित इन प्रशिक्षणों के महत्व को रेखांकित करते हुए आगामी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें पेपर बैग निर्माण, कपड़े की थैलियां (फ्रिज स्टोर हेतु), कागज व कपड़े के गहने, डिज़ाइनर बैग निर्माण, मेहंदी, राखी निर्माण तथा मिट्टी के गणेशजी बनाने की कार्यशालाएं प्रमुख हैं। कार्यक्रम का संचालन सीता दीदी ने किया। ब्यूटिशियन एवं मेहंदी प्रशिक्षिका शालिनी सोनी ने बताया कि बहनों के अनुरोध पर अब एडवांस ब्यूटिशियन कोर्स प्रारंभ किया जा रहा है, जिसमें शहर की अन्य बहनें भी प्रशिक्षण ले सकेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक की प्रशिक्षण बैंच से 15 बहनें इस विधा को अपना रोजगार संचालित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन चुकी है।



# तीन दिवसीय श्री हनुमान चरित्र कथा आयोजन को लेकर बैठक

**झाबुआ।** श्री संकट मोचन हनुमान टेकरी सेवा समिति एवं श्री कष्टभंजनदेव मंडल द्वारा आगामी 27 से 29 अक्टूबर तक स्थानीय लक्ष्मीगनर स्थित अंबा पैलेस पर तीन दिवसीय जिला स्तरीय श्री हनुमान चरित्र कथा का भव्य स्तर पर आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्री कष्टभंजनदेव सारंगपुर (गुजरात) के सुप्रसिद्ध संत डॉ. हरिप्रकाशदास स्वामी के मुखारविंद से कथा का वाचन होगा। उक्त आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रहीं है एवं व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। इसी क्रम में हनुमान टेकरी पर श्री संकट मोचन हनुमान टेकरी सेवा समिति एवं श्री कष्टभंजनदेव मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। जिसका संचालन करते हुए श्री संकट मोचन हनुमान टेकरी सेवा समिति के सदस्य गजेन्द्रसिंह चंद्रावत ने बताया कि झाबुआ शहर को प्रथम बार परम सौभाग्य प्राप्त हो रहा है कि श्री कष्टभंजनदेव सारंगपुर के प्रसिद्ध संत डॉ. हरिप्रकाशदास स्वामीजी, जो हनुमानजी महाराज के अनन्य भक्त है। उनके मुखारविंद से तीन दिनों तक हनुमानजी के जन्म से लेकर चिरंजीवी होने तक का वर्णन, उनकी लीलाओं, चरित्र आदि का बखान होगा। उक्त आयोजन में जिले के सभी हनुमान भक्तों की सहभागिता हेतु आयोजक संस्थाओं द्वारा प्रयास किए जा रहे है। इस दौरान सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज राठौर ने बताया कि यह कथा अंबा पैलेस पर प्रतिदिन रात्रि 8 से 11 बजे तक आयोजित होगी। जिसमें टेंट, लाईट, कुर्सियों आदि की व्यवस्था पर उन्होंने बातचीत की। समिति अध्यक्ष राकेश झरबड़े ने सुझाव दिया कि आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और सभी हनुमान भक्तों को इस कथा का लाभ प्राप्त हो, ऐसे प्रयास हो। अरूण भावसार ने कथा की समस्त व्यवस्थाओं एवं रूपरेखा पर चर्चा की। इस दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु सदस्यों को दायित्व सौपे गये।

# ईएमआरएस जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का समापन

**मेघनगर.** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय थांदला अगराल में दिनांक 2/8/2025 से संचालित जिला स्तरीय कीड़ा प्रतियोगिताओं का समापन किया गया.कार्यक्रम के समापन के अवसर पर खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन एवं सम्मान स्वरूप पुरस्कार वितरण का कार्य मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त महोदय श्रीमती सुप्रिया बिसेन के कर कमलों द्वारा किया गया एवं जिला स्तर पर गठित टीमों के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की गई। विद्यालय प्रतिवेदन का वाचन संस्था प्राचार्य श्री हेमेंद्र सिंह चंद्रावत द्वारा किया गया। समापन कार्यक्रम में जिले में संचालित ईएमआरएस मेघनगर के प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती उपदीप कौर, ईएमआरएस मोरडुंडिया प्राचार्य श्रीमती अर्चना कुमारी एवं ईएमआरएस पेटलावद प्रभारी प्राचार्य श्री अनुज मिश्रा द्वारा विद्यार्थियों को खेल के महत्व से अवगत कराया गया।




# पशुपतिनाथ रूप में नीलकंठेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार

**पेटलावद. श्रावण के अंतिम सोमवार को अलसुबह से ही भक्तों का तांता नगर के विभिन्न शिवालयों में लगना शुरू हो गया। नगर के प्रमुख मंदिर में विशेष तैयारियां की गयी । सावन माह के अंतिम सोमवार पर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूरे दिन भगवान भोलेनाथ के दर्शन के साथ पूजन-अर्चना अभिषेक का दौर चला। सावन माह में निलकंठेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ को झूले में झूलाने की परंपरा है। यहां दिनभर पूजन-अर्चना के साथ शाम को भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार हुआ। महाश्रृंगार अर्जुन सेंचा, विवेक कौशिक,उपेंद्र गेहलोत,सोहन हमाड़, शुभम परमार ने लाभ लिया, महाआरतीका लाभ मोहन राठौड़ ने , महाप्रसादी का भी वितरण हुआ।पूजन की विधि प. वेकंट त्रिवेदी द्वारा व आरती प. शिवदास वैरागी द्वारा की गई।**

नीलकंठेश्वर मित्र मंडल के द्वारा श्रावण के अंतिम सोमवार के दिन शंकर मंदिर पर शिवलिंग का आकर्षक श्रृंगार किया गया । शिवलिंग का भगवान पशुपतिनाथ के रूप में श्रृंगार किया गया .



### भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार हुआ

इन शिवालयों में हुई आराधना-नगर के निलकंठेश्वर महादेव मंदिर, भूतेश्ववर महादेव (फूटा मंदिर), शनि मंदिर, भैरु चौक स्थित शिव मंदिर, राजापुरा स्थित सत्यवीर तेजाजी मंदिर पर विराजित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, माधव कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, राममोहला स्थित श्रीराम मंदिर पर विराजित शिव मंदिर, , भेरू चौक स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर आदि शिवालयों में भक्तो की संख्या सुबह से देखने को मिली। मंदिरो में सुबह से विशेष पूजा अर्चना के साथ बेलपत्र चढ़ाते हुए श्रद्धालु नजर आए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। ।

**एक नजर** — कांग्रेस का प्रदर्शन- शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार, बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं और किसानों की समस्याओं को लेकर उठाई आवाज

# जिला कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, 20 अगस्त को बड़े आंदोलन की चेतावनी

**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी आलीराजपुर ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर व्यापक जनसमस्याओं को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासन को चेताया कि यदि समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ, तो आगामी 20 अगस्त को प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की उपस्थिति में व्यापक जनांदोलन किया जाएगा।

धरने में मुख्य रूप से खाद-बीज की किल्लत, किसानों की समस्याएं, राशन की कालाबाजारी, बदहाल सड़कें, लचर स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली संकट और शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर जिला प्रशासन को घेरा गया।

**टंट्या मामा को श्रद्धांजलि देकर हुआ आंदोलन का शुभारंभ :** प्रदर्शन की शुरुआत दाहोद नाके स्थित टंट्या मामा स्मारक से हुई, जहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने क्रांतिकारी जननायक को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत कांग्रेस नेता महेश पटेल, पूर्व विधायक मुकेश पटेल और जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और गेट पर धरने पर बैठ गए।धरने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मुकेश पटेल ने कहा कि भाजपा शासन में किसानों को समय पर खाद और बीज नहीं मिल रहा है। जिले की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह बदहाल हैं, और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का नामोनिशान नहीं है। राशन वितरण प्रणाली भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है और गरीबों को उनका हक नहीं मिल रहा।कांग्रेस नेता महेश पटेल ने शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ एडीपीसी रामानुज शर्मा की भूमिका संदिग्ध है। उनके विरुद्ध गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, इसके बावजूद उन्हें कुछ अधिकारी संरक्षण दे रहे हैं।




पटेल ने कहा कि 卐यह वही अधिकारी हैं, जिन्होंने स्वयं एवं उनकी पत्नी ने माननीय उच्च न्यायालय को झूठी जानकारी देकर स्थानांतरण पर स्टे लिया है।卐 उन्होंने मांग की कि रामानुज शर्मा को तत्काल मूल संस्था में भेजा जाए तथा उनके विरुद्ध प्रशासनिक और विभागीय जांच कर उन्हें निलंबित किया जाए। पटेल ने यह भी आरोप लगाया कि जिला प्रशासन पर राजनीतिक दबाव में कार्य करने की प्रवृत्ति हावी हो रही है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए घातक है। इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से - खुर्शीद अली दीवान, डॉ. आराम पटेल, सरदार अजनार, कैलाश चौहान, तरुण मंडलोई, मदन डावर, कमलेश पचाया, अमान पठान, अंगरसिंह चौहान, भरतराज जाधव, शब्बीर भाई, धनसिंह चौहान, इरफान मंसूरी आदि शामिल रहे। कांग्रेस द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में मांग की गई कि जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान, भ्रष्ट कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई, और योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं, अन्यथा आंदोलन को और व्यापक रूप देने के लिए कांग्रेस बाध्य होगी।